**प्रो० दीपक नगरिया**
**परीक्षा नियंत्रक**

**डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ०प्र०**
(पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

---

**पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2026/2625** **दिनांकः 16 फरवरी, 2026**

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध संस्थायें।

**विषयः सत्र 2025–26 के विषम सेमेस्टर के विभिन्न पाठ्यक्रमों के जारी किये जा रहे परीक्षा परिणामों में अपूर्ण (Incomplete) परिणाम के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के सत्र 2025–26 के विषम सेमेस्टर के विभिन्न पाठ्यक्रमों का परीक्षाफल जारी किया जा रहा है, जिसमें कतिपय संस्थानो के जिन परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम किसी कारणवश अपूर्ण (Incomplete) प्रदर्शित हो रहा है, के संबंध में विश्वविद्यालय स्तर से अभिलेखों एवं दस्तावेजों का आवश्यक परीक्षण एवं सत्यापन की प्रक्रिया प्रचलित है।

उक्त के संबंध में सूच्य है कि उपरोक्त परीक्षा परिणाम घोषित / जारी होने की तिथि से एक सप्ताह की अवधि तक संस्थानों एवं परीक्षार्थी द्वारा किसी भी प्रकार का व्यक्तिगत् रूप से संपर्क न किया जाए। उक्त अवधि के उपरान्त अपूर्ण परीक्षा परिणाम के संबध में विश्वविद्यालय द्वारा पृथक रूप से विधिवत सूचना एवं निर्देशित किया जायेगा, जिसके उपरान्त ही संस्थान आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त के संबंध में सम्बन्धितों को सूचित करते हुए उपरोक्त का अनुपालन कराने का कष्ट करें।

भवदीय

16/02/2026

( प्रो0 दीपक नगरिया )
परीक्षा नियंत्रक

**पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति / कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. संयुक्त / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

( प्रो0 दीपक नगरिया )
परीक्षा नियंत्रक